नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions – **16**

No. of Printed Pages – **7**

# SS-01-Hindi (C) (D & D)

## हिन्दी (अनिवार्य)

### उच्च माध्यमिक (मूक–बधिर) परीक्षा, 2020

**समय : 4¼ घण्टे**

**पूर्णांक : 80**

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :

(1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न–पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

(2) **सभी** प्रश्न करने अनिवार्य हैं ।

(3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में निर्धारित शब्द–सीमा में लिखें ।

(4) जिन प्रश्न के अ, ब, स, द भाग हैं, उन सभी भागों का हल एक साथ सतत् लिखें ।

## खण्ड – अ

1. निम्नलिखित अपठित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **4**

(उत्तर सीमा **20** से **30** शब्द)

नर हो, न निराश करो मन को,
कुछ काम करो, कुछ काम करो ।
जग में रहकर कुछ नाम करो,
यह जन्म हुआ किस अर्थ अहो ।
समझो, जिसमें यह व्यर्थ न हो,
नर हो, न निराश करो मन को ।
सँभलो के सुयोग न जाय चला,
कब व्यर्थ हुआ सदुपाय भला ।
समझो जग को न निरा सपना,
पथ आप प्रशस्त करो अपना ।
अखिलेश्वर हैं अवलम्बन को,
नर हो, न निराश करो मन को ।

(अ) 'सुयोग' शब्द का विलोम शब्द लिखिए । **1**

(ब) प्रस्तुत काव्यांश में क्या संदेश निहित है ? **1**

(स) 'यह जन्म हुआ किस अर्थ अहो' मनुष्य का जन्म किस उद्देश्य के लिए हुआ ? **1**

(द) उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए । **1**

2. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **4**

(उत्तर सीमा **20** से **30** शब्द)

समय वह सम्पत्ति है जो प्रत्येक मनुष्य को ईश्वर की ओर से मिली है । जो लोग इस धन को संचित रीति से बरतते हैं, वे शारीरिक सुख तथा आत्मिक आनंद प्राप्त करते हैं । इसी समय-सम्पत्ति के सदुपयोग से एक जंगली मनुष्य देवता-स्वरूप बन जाता है । इसी के द्वारा मूर्ख विद्वान, निर्धन धनवान और अनुभवी बन सकता है । संतोष, हर्ष या सुख तब तक मनुष्य को प्राप्त नहीं होता जब तक कि वह उचित तरीके से अथवा रीति के समय का सदुपयोग नहीं करता है । समय निस्सन्देह एक रत्न-राशि है । जो कोई उसे अपरिमिति और अगणित रूप से अन्धाधुन्ध व्यय करता है । वह दिन-दिन अकिंचन, रिक्त हस्त और दरिद्र होता है । वह आजीवन खिन्न और समय को कोसता रहता है ।

(अ) 'आजीवन' शब्द में मूल शब्द और उपसर्ग लिखिए । **1**

(ब) समय का सदुपयोग करने से क्या लाभ रहता है ? बताइए । **1**

(स) समय क्या है ? यह मनुष्य को किससे प्राप्त हुआ है ? **1**

(द) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए । **1**

## खण्ड – ब

3. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर **150** शब्दों में निबंध लिखिए : **1 + 4 + 1½ + 1½ = 8**

(अ) बाल विवाह-एक अभिशाप

(ब) मेरा प्रिय साहित्यकार

(स) योग का महत्त्व

(द) स्वच्छता का महत्त्व

4. स्वयं को केशव मानते हुए प्रधानाचार्य महोदय को अतिरिक्त कक्षा व्यवस्था हेतु प्रार्थना पत्र लिखिए ।

**2½ + 2½ + 1 = 6**

**अथवा**

स्वयं को स्वरूप वर्मा मानते हुए अपने छोटे भाई गणेश को खेलों में भाग लेने हेतु एक पत्र लिखिए ।

5. निम्नांकित शब्दों में से किन्हीं **दो** शब्दों का उच्चारण एवं हिन्दी अर्थ लिखिए : **2**

(i) INDEX

(ii) DUTY

(iii) TAX

(iv) REGULAR

(v) SPEECH

## खण्ड – स

6. निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **4**

(उत्तर सीमा **20** से **30** शब्द)

बाजार में एक जादू है । वह जादू आँख की राह काम करता है । वह रूप का जादू है पर जैसे चुंबक का जादू लोहे पर ही चलता है वैसे ही इस जादू की भी मर्यादा है । जेब भरी हो; और मन खाली हो, ऐसी हालत में जादू का असर खूब होता है । जेब खाली हो पर मन भरा न हो तो भी जादू चल जाएगा । मन खाली है तो बाजार की अनेकानेक चीजों का निमंत्रण उस तक पहुँच जाएगा । कहीं हुई उस वक्त जेब भरी तब तो फिर वह मन किसकी मानने वाला है ! मालूम होता है यह भी लूँ, वह भी लूँ । सभी सामान जरूरी और आराम को बढ़ाने वाला मालूम होता है । पर यह सब जादू का असर है ।

(अ) जादू किसकी राह काम करता है ? **1**

(ब) बाजार जाने पर मन खाली हो तो क्या होता है ? **1**

(स) जादू का असर कब रहता है ? **1**

(द) चुम्बक का जादू किस पर काम करता है ? **1**

7. निम्नलिखित पठित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **4**

(उत्तर सीमा **20** से **30** शब्द)

निर्गुन कौन देस को बासी ?
मधुकर ! हँसि समुझाय, सौंह दै बूझति साँच, न हाँसी ।।
को है जनक, जननि को कहियत, कौन नारि, को दासी ?
कैसो बरन, भेस है कैसो, केहि रस में अभिलासी ।।
पावैगो पुनि कियो आपनो जो रे ! कहैगो गाँसी ।
सुनत मौन ह्वै रह्यो ठग्यो सो सूर सबै मति नासी ।।

(अ) गोपियाँ उद्धव से क्या प्रश्न पूछ रही हैं ? **1**

(ब) गोपियों के प्रश्न सुनकर उद्धव की क्या स्थिति हुई ? **1**

(स) प्रस्तुत पद्यांश में से 'माता' और 'पिता' के पर्यायवाची शब्द लिखिए । **1**

(द) प्रस्तुत पद्य किस कवि द्वारा रचित है ? **1**

8. निम्नलिखित में से किसी **एक** कवि या लेखक का परिचय लिखिए : (उत्तर सीमा **80** से **100** शब्द) **4**

(अ) बिहारी

(ब) सुभद्राकुमारी चौहान

(स) भीम राव अम्बेडकर

(द) जैनेन्द्र

9. 'किसान का जीवन त्याग और मेहनत का जीवन है ।' इस कथन पर अपने विचार प्रकट कीजिए ।

(उत्तर सीमा **80** से **100** शब्द) **4**

**अथवा**

भय के लिए साध्य और असाध्य दोनों रूपों को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए ।

10. शमशेर बहादुर सिंह की 'उषा' कविता का प्रकृति वर्णन कीजिए । (उत्तर सीमा **80** से **100** शब्द) **4**

**अथवा**

'भाषा के चक्कर में सीधी बात टेढ़ी हो जाती है ।' इस कथन को समझाइए ।

11. पठित कविताओं की विषय-वस्तु के आधार पर निम्न में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए :
(उत्तर सीमा **20** से **30** शब्द) **3 × 2 = 6**

(अ) "पर जलती निज पाय, रती न सूझै राजिया ।"
काव्य पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए ।

(ब) रहीमदास ने सज्जन व्यक्ति के रूठ जाने पर भी बार-बार मनाने की बात क्यों कही है ?

(स) 'शीतल वाणी में आग' काव्यांश का तात्पर्य स्पष्ट कीजिए ।

(द) कवि भूषण की रचनाओं के नाम लिखिए ।

12. पठित विषय-वस्तु के आधार पर निम्न में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (उत्तर सीमा **20** से **30** शब्द)
**3 × 2 = 6**

(अ) त्रिताप कौन-कौन से होते हैं; हिमालय की शीतलता से वे दूर कैसे हो गए ?

(ब) मधु अपने बचपन के वातावरण व संस्कार के बारे में नौकरानी मंगला को क्या बताती है ?

(स) कौशलजी की पुस्तकों का प्रकाशन बन्द क्यों हो गया ?

(द) लेखक ने कौसानी गाँव के डूबते सूरज का जो चित्र खींचा है; उसे अपने शब्दों में लिखिए ।

## खण्ड – द

13. पठित पाठों की विषय-वस्तु के आधार पर निम्न में से किन्हीं छः प्रश्नों के उत्तर लिखिए :
(उत्तर सीमा **20** से **30** शब्द) **6 × 2 = 12**

(अ) 'उसने कहा था' कहानी नायक लहनासिंह का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

(ब) बेल साहब ने गाँधीजी के जीवन-प्रवाह को किस तरह प्रभावित किया ?

(स) "गौरा वास्तव में बहुत प्रियदर्शन थी ।" इस कथन के आधार पर गौरा के बाह्य सौन्दर्य का वर्णन कीजिए ।

(द) तुलसीदास ने रत्नावली को काशी में रहने की अनुमति क्यों नहीं दी ?

(य) लेखक ने चित्तौड़गढ़ की धूलि को बार-बार मस्तक से क्यों लगाया ?

(र) 'सर साटे रूँख रहे तो भी सस्तो जाण' इस पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए ।

(ल) 'बिना फेरे घोड़ा बिगड़ता है और बिना लड़े सिपाही' इस कथन को समझाइए ।

## खण्ड – य

14. निम्न में से किसी **एक** विषय पर फीचर लिखिए : (उत्तर सीमा **80** से **100** शब्द) **1 + 2 + 1 = 4**

(अ) पॉलिथीन – एक गंभीर समस्या

(ब) दहेज प्रथा

(स) मेरा प्रिय खेल

15. निम्न में से किसी **एक** विषय पर रिपोर्ट लिखिए : (उत्तर सीमा **80** से **100** शब्द) **1 + 2 + 1 = 4**

(अ) विश्व योग दिवस

(ब) वृक्षारोपण

(स) शैक्षणिक भ्रमण

16. निम्न में से किसी **एक** विषय पर आलेख लिखिए : (उत्तर सीमा **80** से **100** शब्द) **1 + 2 + 1 = 4**

(अ) युवा शक्ति

(ब) विश्व में नारी–भूमिका

(स) विद्युत संरक्षण

DO NOT WRITE ANYTHING HERE